डांग का पानी

अरुण तिवारी

सपोटरा डांग की 80 ग्रामसभाओं के जल संचयन प्रयासों को सादर समर्पित

कभी

बीहड़ और बागी ही डांग की पहचान थे, अब सपोटरा की डांग नई डगर पर चल निकला है। जो कभी बागी थे, वे अब पानी संजोने के काम लगे हैं। अब इनकी नई पहचान है - पुनर्जीवित नदी महेश्वरा ! इसका पानी, गांव खिजुरा, विरमका, रायबेली और सपोटरा की 80 ग्राम सभाएं... धान के लहलहाते खेत, बीरबानियों के चेहरे पर साझे का सुख और मोट्यारों के हाथ की कुदाल-फावड़ा और तगारी। नौनिहालों की नियमित पढ़ाई भी अब डांग की जिन्दगी में नई ही इबारत है। सपोटरा के डांग का पानी अब अंधेरी जिन्दगी में रोशनी का प्रतीक बन गया है... ऐसा प्रतीक, जो दूसरों को जिन्दगी दे सके।



डांग का पानी

(सपोटरा की डांग में जल संचयन प्रयासों का दस्तावेज)

सामग्री-संकलन
राजनारायण मौर्य, रूपसिंह सरपंच
जगदीश गुर्जर, चमनसिंह

सहयोग
सतेन्द्र सिंह
देवयानी कुलकर्णी, विनोद कुमार

लेखक
अरुण तिवारी

प्रकाशक
तरुण भारत संघ
भीकमपुरा, वाया-थानागाजी
अलवर (राजस्थान)
फोन : 01465-225043
0141-2393178

watermantbs@yahoo.com
jalpurushtbs@gmail.com

सहयोग राशि
रु.60/-

प्रथम संस्करण: सितम्बर 2008



अनुक्रमणिका

1.	फैली बाजुओं वाला डांग	7
2.	डांग की विरासत	9
3.	डांग का न्याय	11
4.	सपोटरा की डांग	12
5.	बिगाड़ के कष्ट	17
6.	द टर्निंग प्वाइंट	19
7.	पानी का प्रताप	26
8.	खिजुरा की खनक	27
9.	रायबेली : पाल ने बढ़ाया प्रेम	30
10.	विरमका : भरी हथेलियों वाला गांव	32
11.	फिर बही नदी महेश्वरा	35
12.	आगे आईं बीरबानियां	38
13.	डांग की मांग	42
14.	निर्मित जल संरचनाएं	44

प्रस्तावना

हो सकता है कि डांग का भूगोल और किस्सागोई दूसरों को डराते हों, लेकिन इसने तरुण भारत संघ के कार्यकर्ताओं को हमेशा रिझाया ही।... क्योंकि तरुण भारत संघ हमेशा से ही मानता है कि जहां जितना बड़ा संकट हो, वहां एक दिन उतना ही बड़ा साझा बन सकता है। सभी जानते हैं कि डांग की विषमताएं बड़ी हैं; भूगोल की भी और अतीत की भी। यह बाहरी दुनिया की सोच का ही संकट है कि डांग का अतीत हमेशा इनका पीछा करता आया है। कोई बदलाव के लिए तैयार नहीं होता कि डांग के दिल में भी एक 'इंसान' हो सकता है, लेकिन सच यही है कि डांग का फैलाव बड़ा है तो दिल भी और न्याय भी। इसीलिए तरुण भारत संघ इस इलाके में काम कर सका। यह बात और है कि डांग की विषमताएं इन्हें सदा ही बगावत करने पर मजबूर करती रही हैं। तरुण भारत संघ की कोशिश खास है तो बस ! इतनी कि इसने इस ऊर्जा और असन्तोष को पानी के रचनात्मक काम में लगा दिया। नतीजा आपके सामने है। सपोटरा की डांग की 80 ग्रामसभाओं और तरुण भारत संघ के साझे से 369 जल संरचनाएं बनीं; 58 लाख से अधिक धनराशि उपयोग में आई। कई गांव सघन काम के उदाहरण बने हैं तो कई बदलाव के। लेकिन हमने कभी नहीं सोचा था कि इतनी विषम स्थितियों में मात्र 10 बरस के अन्दर छोटे-छोटे काम इतना बड़ा बदलाव लायेंगे कि एक नदी सदानीरा हो उठेगी। ये बड़ा काम हुआ। इसमें डांग की महिलाओं की बड़ी साझेदारी को तरुण भारत संघ नहीं भूल सकता।... आभारी है। 'डांग का पानी' अब सचमुच संजोने लायक बन गया है। इसके लिए दस्तावेज के लेखक अरुण तिवारी धन्यवाद के पात्र हैं और सराहना के भी। लेकिन सपोटरा.. डांग का बहुत छोटा सा इलाका है। अभी डांग की मांग बहुत है और जरूरत भी। अत: डांग में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

राजेन्द्र सिंह

प्रेरित कलम

"हम इंसान नहीं, जानवर हैं। हे भगवान ! अगले जन्म में औरत न बनाना, चाहे जानवर बना देना। अगर औरत बना दिया तो फिर सपोटरा के डांग में जन्म मत देना।"

छोटी का दुख बताते इन शब्दों ने जनसत्ता की एक पत्रकार का पीछा कर एक पुस्तक का रूप ले लिया-'छोटी दरबी और नर्बदा'। यह अच्छी किताब मैंने भी पढ़ी। जिज्ञासा भी जगी, लेकिन जब आखों के सामने ग्राम खिजुरा, विरमका, रायबेली और रावतपुरा की दास्तान सामने आई : शराब-मुक्त हटियाकी की कहानी सुनी: पुनः सदानीरा हुई नदी महेश्वरा मोरेवाला ताल और सिद्ध सरोवर के दर्शन हुए; पानी से लबालब कुएं देखे; चटकदार ओढ़नी वाली बीरबानियों के मुंह में सोना-चांदी मढ़ा दांत..... बाजूबंद ! लम्ब-तड़ंग मोट्यारों (पुरुष) के पैरों में तुर्रेदार जूती और मुंह पर नोकदार मूंछें देखीं। जहां तक निगाह जाती है, वहां धान की लहलहाती फसल हरी-भरी धरती देखी और गीत सुना :

बदला घनन-घनन घन्नाये, गोरी लगाये धानी।
धानी के चावल, बिके पुड़िया में ।।

.....तो यह बात झूठी लगी, लेकिन यह बात झूठ है नहीं। सचमुच ! सपोटरा का डांग कभी बेकारी, बीमारी और बदहाली के शिकंजे में था। सचमुच यह बहुत कठिन इलाका है। राजस्थान की राजधानी जयपुर से मात्र 200 किलोमीटर की दूरी पर विकास की मुख्यधारा से कटी अलग-थलग गरीब-गुरबा आबादी। यहां लम्बे अरसे से प्रकृति का कोप तो रहा ही, इन्सानी बेसमझी और लालच ने भी बहुत बर्बादी की। लेकिन इसी गरीब-गुरबा आबादी और कुछ स्वयंसेवी के प्रयासों ने सपोटरा की डांग की धरती का चेहरा बदल दिया। यह बदलाव सचमुच प्रेरित करता है, जिसे देखकर मैं प्रेरित हुआ और 'डांग का पानी' अब आपके हाथों में है। उम्मीद करता हूं कि 'डांग का पानी' इस बात का दस्तावेज बनेगा कि कोई आबादी कमजोर नहीं होती; ग्राम गुरु सदा बड़ा होता है। यदि संकल्प पक्का हो तो हर मंजिल आसान हो जाती है और हर सूरज अपना!

फैली बाजुओं वाला डांग



फैली बाजुओं वाली पहाड़ियों को 'डांग' कहते हैं। जिला सवाईमाधोपुर, धौलपुर और करौली के सवा तीन सौ से अधिक गांव इसी 'डांग' के कठिन इलाके में बसे हैं। सपोटरा इसी 'डांग' क्षेत्र की एक तहसील है और करौली-



इसका जिला। राजस्थान के जिला करौली की एक सरहद मध्यप्रदेश के जिला मुरैना को छूती है और बाकी सरहदें राजस्थान के जिला धौलपुर, भरतपुर, दौसा और सवाईमाधोपुर से घिरी है।

दक्षिण-पूर्वी इलाके में चम्बल की धारा जिला करौली और मध्यप्रदेश के जिला मुरैना की सीमा रेखा बनाती है। पश्चिम से पूर्व की ओर बहती बनास नदी तथा मध्यप्रदेश के श्योपुर.... उत्तर से दक्षिण की ओर बहती एक धारा रामेश्वर के पास चम्बल नदी में मिलती है। रामेश्वर का संगम यहां के लिए एक तीर्थ ही है। कभी करौली जिला सवाईमाधोपुर का ही एक हिस्सा था, 19 जुलाई, 1997 में इसे एक जिले का दर्जा दिया गया।

यूं करौली कभी राजपूताने के नाम से विख्यात राजस्थान की 18 देशी रियासतों में से एक रियासत थी। वर्तमान करौली जिला..... पुरानी करौली व करौली रियासत के अलावा जयपुर राज्य के गंगापुर और हिण्डौन निजामत को मिलाकर बना है। यूं करौली में जैनमन्दिर (श्री महावीर जी), जामामस्जिद, ईदगाह, कैलादेवी तथा मेहंदीपुर बालाजी का मन्दिर.... सभी कुछ है, लेकिन तथ्य यह है कि सन् 1348 में यादव वंश के राजा अर्जुन पाल ने करौली कस्बे की स्थापना की।

डांग की विरासत

सच है कि 18वीं शताब्दी का करौली क्षेत्र एक साधन-संपन्न इलाका था। तिमनगढ़, उंटगिरी, मण्डरायल के किले और ऐतिहासिक मनीषियों की छतरियां इलाके का गौरव खुद-ब-खुद बयान करते हैं।

पानी

यदि सपोटरा की बात करें, तो डांग की पहाड़ियों के बीच जाने कितने झरने और छोटी धाराओं के चिह्न मिलते हैं।

इन छोटी धाराओं को ये 'नाला' कहते हैं। बसावट ऊपर है और नाले बहुत गहरे.... नीचे। इन्हीं नालों व बारिश के पानी को छोटे-छोटे पगारों-पालों से रोककर ये आस-पास खेती करते हैं। नालों की गहराई 'डांग' को जीविका देती है और दूसरे इन्हें 'बीहड़' का नाम देकर बिदक जाते हैं।

जोहड़

जिन्हें ये 'नूहान' कहते हैं.. आज भी डांग में लोगों के श्रम और प्राकृतिक समृद्धि के बचे-खुचे चिह्न हैं।

एक कि.मी. लम्बे सार्वजनिक ताल, उनसे छोटे चार-पांच परिवारों का साझा 'पोखर' और उनसे भी छोटे व्यक्तिगत 'पोखरा'। जोहड़.....जिन्हें ये 'नूहान' कहते हैं.. आज भी डांग में लोगों के श्रम और प्राकृतिक समृद्धि के बचे-खुचे चिह्न हैं।

जंगल

वन सम्पदा और समृद्धि का अन्दाजा लगाना हो, तो समझ सकते हैं कि रणथम्भौर अभयारण्य और कैलादेवी अभयारण्य को मिलाकर बना करीब 1000 किमी से ऊपर का जंगल डांग के इलाके में ही है। बाघ की दहाड़, तेंदुआ, चीतल, चिंकारा, जंगली सूअर, रीछ और अजगर की इंसानों से दोस्ती की दास्तान पुरानी है। संगमरमर से बना कैलादेवी का मन्दिर और इसमें मां कैला व चामुण्डा देवी की प्रतिमाएं अद्भुत हैं। सपोटरा के इलाके में स्थित कैलादेवी में मार्च-अप्रैल का मेला और लांगुरिया के भक्ति स्वर... सांस्कृतिक समृद्धि का अनुपम उदाहरण हैं।

बागी

चम्बल के बीहड़ भले ही दूसरों को डराते हों, लेकिन नामी बागी छविराम और मलखान सिंह इन्हीं बीहड़ों में गुम रहे। दुनिया कुछ भी कहे, लेकिन डांग के लोग बागियों को अपना संरक्षक ही मानते थे; क्योंकि ये बागी बीहड़ में बसी गरीब-गुरबा आबादी को कभी तंग नहीं करते थे। हां ! अंग्रेजी खजाने या किसी बाहरी से जो कुछ छीन कर लाते थे, उससे लोगों की रोजी-रोटी और शादी-बारात की जरूरतों में मदद ही करते थे। शायद इसीलिए समाज ने इन्हें कभी बुरा नहीं माना। बागियों के लिए 'डकैत' सम्बोधन का इस्तेमाल इन्हें आज भी बुरा लगता है। यहां के लोग पहलवानी के दंड और दांव की दास्तान बड़े गर्व के साथ बताते हैं.. न भी बतायें, तो बुर्जुगों की काठी खुद-ब-खुद सब कुछ कह देती है।

डांग का न्याय

डांगवासी कहते हैं कि कोई कुछ भी कहे, डांग कभी अन्याय नहीं करता। डांग के जंगल, नदी और पहाड़ों ने इन्हें यही सिखाया है। डांग में डांग वासियों का राज चलता है। लम्बे अरसे तक यहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं थी। यहां का पंच ही यहां का परमेश्वर था सरकारी पंचायत वाला चुना हुआ पंच नहीं, बल्कि वह आदमी जिसकी बात गांव के लिए सर्वमान्य होती थी।

तरुण भारत संघ के साथी जगदीश गुर्जर न्याय की एक छोटी सी मिसाल सामने रखते हैं। जब मथुराका रायबेली नामक गांव में दो भाइयों के बेटे कभी हिसाब-किताब को लेकर आपस में उलझ गये, विवाद हुआ, लेकिन शान्त होकर अपने-अपने घर वापस चले गये। कुछ समय बाद दोनों की माँ आमने-सामने आकर खड़ी हुई और दोनों बेटों को फिर लड़ा दिया इनमें से एक मारा गया। पंचायत बैठी। 12 गांव के गुर्जर और मीणा इकट्ठे हुए। तब हत्या के दोषी को पेश किया गया। इसी बीच पुलिस आ पहुंची, उस दोषी को पुलिस के हाथों तब तक नहीं सौपा, जब तक पंचायत ने अपना फैसला नहीं सुना दिया। फैसला था-हत्या के दोषी को 12 गांव निकाला। 12 गांवों में उसके प्रवेश पर रोक लगाई गई, उसे निष्कासित कर दिया गया। साथ ही उन 12 गांव के बाशिंदों को सख्त हिदायत दी गई कि इन गावों का कोई भी ग्रामवासी उसके साथ रिश्ता-नाता, बातचीत अथवा किसी भी प्रकार का व्यवहार कायम नहीं करेगा। आज भी वह इन 12 गांवों से निष्कासित ही है। अब पुलिस प्रशासन की थोड़ी बहुत पैठ भले ही दिखाई देती हो, लेकिन आज भी डांग में आपसी झगड़ों और शिकायतों का फैसला कालस देव के मेले में ही होता है। कालस देव का मेला डांग के लिए न्याय का प्रतीक बन गया है। इसलिए कालस देव के सामने कोई झूठ नहीं बोलता।

सपोटरा की डांग



सपोटरा की डांग... सवाई माधोपुर, करौली के 'आंतरी' 'घटिया नीचे' और 'माल' के दूसरे इलाकों से अलग और कठिन है। पहाड़ी के ठीक नीचे तलहटी का इलाका 'आंतरी' कहलाता है। पहाड़ों के बीच की खुली मैदानी धरती के भीतर खारा पानी और ऊपर लबालब भरे पानी वाले क्षेत्र को ये 'माल' कहते हैं। डांग में सिर ऊपर उठाएं तो दूर-दूर तक बाजू फैलाये कठिन पहाड़ दिखाई देता है... इतना कठिन कि इन्हें देखते-देखते कोई भी अकेला पड़ गया आगन्तुक अपना माथा पकड़कर बैठ जाये कि हे भगवान ! यहां कोई इंसान कैसे रह सकता है ! धरती पर निगाह डालें, तो मिट्टी कम.... पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़े अपना साम्राज्य जमाये ज्यादा दिखते हैं। सहज समझ में

नहीं आता कि इन पत्थरों पर खेती कैसे हो सकती है। इन पत्थरों को मिट्टी बनाने वाले हाथ सचमुच पत्थर के ही होंगे। हां ! ऐसा ही है लेकिन ताज्जुब नहीं, क्योंकि डांग की बसावट ने इन चट्टानों के साथ जीना सीख लिया है। शायद इसलिए डांग के इंसानों का सीना चट्टान सा फौलादी होता है। धरती की गहराई में उतरें, तो भी ऊपर बस ! थोड़ी सी मिट्टी और नीचे चट्टान ही चट्टान दिखाई देती है। आग्नेय, स्फटिक, अभ्रक, नाइसिस्ट, मिग्मा टाइटस की चट्टानें, सिलिकासेंड और चूना पत्थर यहां बहुतायत में हैं। पाटौर का पत्थर खोद-खोद यहां से जाने कहां जाता है ? शीशा, तांबा, लोहा.....जाने कितना ही खजाना यहां की धरती में समाया हुआ है। नीम, बबूल, बेरी, थोंक, रांझ, तेंदु, सालर, सन्था, आम, जामुन, खजेड़ा, पीपल और जाने कितने ही प्रकार के वृक्ष और चिचड़ा, पोलर, कालीलम्प.... जैसी अनगिनत जड़ी-बूटियों से यह इलाका समृद्ध रहा है।

क्यों लुटी समृद्धि ?

यह सच है कि सपोटरा के डांग की इस प्राकृतिक समृद्धि को यदि किसी ने जीवित रखा, तो वह बाघ और बागियों की दहाड़ें ही थीं। समझ में नहीं आता कि जहां मरने के बाद भी बागियों की 'मूंछ का पानी नहीं मरने' की कहावत आज भी जिन्दा हो, वहां आखिर पिछले 35-40 वर्षों में क्या हुआ कि जो डांग से उसका पानी छिन गया। बारिश तो पहले भी औसतन 68.92 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष ही थी; वह भी साल में मात्र 35 दिन। धरती में पानी के रिसकर जाने की गुंजाइश पहले भी कम थी और अब भी, लेकिन बीच के दौर में इनके कुएं क्यों सूख गये ? जिन्होंने डांग की पहाड़ियों के फैले बाजुओं पर घर बनाया, उन्हें मई-जून

के महीने में अपने घरों पर ताला मारकर रहने के लिए नीचे 'आंतरी' या 'घटिया नीचे' क्यों आना पड़ा ? जो बागी कभी अन्याय और अनाचार के खिलाफ बगावत के झण्डाबरदार माने जाते थे, वे छोटी-मोटी लूटपाट, राहजनी और इससे भी नीचे मवेशियों की चोरी जैसे कुकृत्य पर क्यों उतर आये ? यहां के लोगों ने नई पढ़ाई नहीं पढ़ी, फिर भी क्यों नई पढ़ाई का दर्द इनके माथे आया ? ऐसे जाने कितने ही सवाल आपके मन में भी उठते होंगे, और इन्होंने मुझे भी व्यथित किया। निभैरा के सरपंच रूपसिंह इन सवालों का जवाब देते वक्त डांग के अतीत में खो जाते हैं। कहते हैं : "अब साब ! क्या बताऊं ? बच्चापन से मैंने ये तो देखा नहीं कि शासन ने कभी हित का कोई काम किया हो। डांग के ज्यादातर गांवों में आज भी न बिजली है, न सड़क, न नियमित पढ़ाई, न नियमित डाक्टर-नर्स.. न सरकारी दाई। मैंने सुना था कि जो कुपढ़ होते हैं, उनके यहां कोई नहीं आता.... न अधिकारी, न कर्मचारी। साब ! डांग अनपढ़ जरूर है, लेकिन कुपढ़ नहीं। डांग ने आखिर किसी का क्या बुरा किया है ? पर पता नहीं क्यों, यहां कोई नहीं आता.....न अधिकारी, न कर्मचारी ? लेकिन आये भी तो कैसे; कस्बे से कस्बे के मुख्य मार्गों को छोड़ दें, तो दूर के गांवों में कोई पक्की सड़क भी तो नहीं आती।"

साब ! डांग अनपढ़ जरूर है, लेकिन कुपढ़ नहीं।

जब मैंने रूपसिंह से बहस की कि ऐसा कैसे हो सकता है कि सरकार का यहां एक भी काम ठीक से न चल रहा हो.....उसने कुछ किया ही न हो, तो सरपंच रूपसिंह ने मेरी ओर एक निगाह देखा और अपनी यादों को टटोलने लगा।

बोला- "मुझे कुछ-कुछ याद है। जो काम अंग्रेजों ने नहीं किया, वह काम हमारी सरकार ने कर दिखाया। 1972 में

जंगलात ने यहां जंगल का ठेका दिया। ठेकेदार बाहरी ही थे। वे गांव में आकर खूब मीठी-मीठी बातें करते थे। वे डरते थे, तो सिर्फ कुछ बड़ी मूंछों व हथियारबंद नौजवानों से। तब हमारी समझ भी कुछ कम ही थी। जब ठेकेदारों ने काटना शुरू किया, तब हमारा जंगल बहुत सुंदर था। हम भी किसी न किसी रूप में सहयोगी हुए। क्या बताऊं साब जी ! बहुत बड़ी गलती हुई। दरअसल हमने कभी सोचा ही नहीं था कि वे कभी हमारे जंगलों को इतना बेदर्दी से काट डालेंगे। हम गांव के सीधे-सादे लोग.... हमें क्या मालूम था कि व्यापारी इतना स्वार्थी होता है; और फिर जंगल जायेगा तो पानी भी जायेगा... यह तो हमारी कल्पना में ही नहीं था। इस पर से दोहरी मार यह पड़ी कि डांग की धरती का खजाना भी सरकार की आंखों में चुभने लगा। उसने खदानें लीज पर दे दीं। जो बचा-खुचा पानी था, उसका भी सत्यानाश हो गया। हम खदानों पर काम करने को मजबूर हो गये। यह भी हमारी ही गलती थी, पर क्या करते ? थोड़ी-बहुत खेती और थोड़ी-बहुत मजदूरी... इन्हीं के भरोसे जिन्दगी थी।''

जंगल जायेगा तो पानी भी जायेगा... यह तो हमारी कल्पना में ही नहीं था। इस पर से दोहरी मार यह पड़ी कि डांग की धरती का खजाना भी सरकार की आंखों में चुभने लगा

यह बताते हुए रामजीलाल मीणा का सीना गज भर फूल जाता है कि पहले डांग में ज्यादातर परिवारों के पास 35-40 भैंसें थीं। कैलादेवी के आस-पास की आबादी की दूध की जरूरत भर आपूर्ति सपोटरा की डांग अकेले ही करती थी।

किन्तु यह सब अतीत की बात है।

आज तो डांग के ज्यादातर इलाकों के हिस्से में बदहाली ही है। दरअसल नई राजनीतिक व्यवस्था ने उसे वोट देने और बदले में

सब कुछ पा लेने का परावलम्बन सिखाया। इस तरह पानी, प्रकृति और प्रबन्धन के मामले में कभी स्वावलम्बी रहा सपोटरा की डांग का समाज परावलम्बी बन गया। धीरे-धीरे साझे की कड़ियां टूट गईं और जिनका भरोसा था, वे नेता भी वोट लेकर भूल गये। सच यह है कि डांग के जंगल और चट्टानों में बाहरी प्रवेश ने डांग की जिन्दगी में अपने ज्ञान, श्रम, साधन व शक्ति पर से भरोसा उठा दिया। इनकी जगह लालच, वैमनस्य और भटकाव ने ले ली। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब नये पढ़े-लिखों ने ग्राम गुरु को 'गंवार' कहना शुरू किया और सचमुच ! एक दिन ये खुद को गंवार ही समझने लगे। इन्हें न अपने ज्ञान पर भरोसा रहा और न ही बाजुओं पर।

सचमुच ! एक दिन ये खुद को गंवार ही समझने लगे। इन्हें न अपने ज्ञान पर भरोसा रहा और न ही बाजुओं पर।

नतीजा ?

तालों की पालें टूट गईं। पीढ़ियों से चली आ रही पगारें कुछ वर्षो में ही ढह गईं। परिणामस्वरूप न कुएं में पानी बचा और न नदी की छोटी धाराओं में, जिन्हें ये 'नाला' कहते हैं। महेश्वरा जैसी जाने कितनी ही नदियां, जो कभी सदानीरा थीं.... बारह महीने बहती थीं..ऊपर के डांग से कूद-कूद पहले आंतरी और फिर माल में अठखेलियां खेलती थीं; बनास, चम्बल और अन्ततः यमुना नदी को समृद्ध करती थीं; वे सब खुद के प्रवाह को ही तरस गईं।

बिगाड़ के कष्ट

पानी गया, तो धरती की हरी चुनर भी गई और डांग की औरतों का सुकून भी। मकर संक्रान्ति आते-आते ऊपर डांग में पीने का पानी खत्म हो जाता था, तब अपनी गृहस्थी-मवेशी के साथ परिवार नीचे आ जाता था; तब तक.... जब तक कि बारिश की बूंदें आकर इन्हें फिर वापस ऊपर नहीं बुलाती थीं। जब पानी खूब था, तब एक घर मवेशियों का होता था और एक घर इंसानों का। मवेशियों के घर को ये 'गुवाड़ी' कहते थे। अकाल ने मवेशी और इंसान दोनों को एक साथ रहने को मजबूर किया। शायद इसे देखकर ही 'माल' क्षेत्र की रहने वाली छोटी ने कहा कि ये इंसान नहीं, जानवर हैं; बल्कि उससे भी बदतर, क्योंकि इंसान और जानवर दोनों के पीने का पानी और पेट के चारे की व्यवस्था इन्हें ही करनी पड़ती थी। अभी कुछ गांवों के नाम विरमाकी, हटियाकी आदि सुनते हैं। पहले ये विरमा और हटियाकी गांवों की गुवाड़ियां ही थीं। यहां मवेशी ही बंधते थे।

अकाल ने मवेशी और इंसान दोनों को एक साथ रहने को मजबूर किया। शायद छोटी ने इसीलिए कहा कि ये इंसान नहीं, जानवर हैं।

समझ लीजिये कि जब कोई समाज अपने कल्याण के लिए किसी दूसरे की ओर ताकने लगे, तो वह दिन उसकी गिरावट और बर्बादी की शुरुआत होता है।

समय ने बदलकर इन्हें इंसानों और मवेशियों का साझा बसेरा बना दिया। पानी गया, तो खेती को भी साथ छोड़ना ही था, सो वह भी गई। जहां कभी धान भी खूब था और खाने को दूसरे अनाज भी, वहां अब एक महीने के बाद अगले महीने की रोटी की चिन्ता होने लगी। मवेशी पहले भी थे, लेकिन अब मवेशियों पर निर्भरता और बढ़ गई.... । किन्तु जब पानी ही नहीं, तो चारा कहां से हो और मवेशी भी कहां तक साथ दें ? जो कस्बे कभी दूध के लिए सपोटरा की डांग पर निर्भर थे, अब सपोटरा अपनी रोटी के लिए उनकी ओर ताकने लगा। समझ लीजिये कि जब कोई समाज अपने कल्याण के लिए किसी दूसरे की ओर ताकने लगे, तो वह दिन उसकी गिरावट और बर्बादी की असली शुरुआत होता है।

डांग में यही हुआ

मोट्यारों में जो बुराइयां कभी नहीं थीं, वे भी एक-एक कर पैठ बनाती गईं। धीरे-धीरे आदमियों ने मजदूरी-दाकड़ी के लिए दूसरे इलाकों में रुख किया। इस पूरे दौर में कुछ ने काम बदले, कुछ ने ठिकाने और कुछ का तो हाल ही बदल गया। वे बेहाल हो गये। जो दलित भूमिहीन थे, उनकी तो जैसे किस्मत ही फूट गई। पत्थर की खदानों में काम करते-करते वे पत्थर हो गये। टी.बी. की बीमारी उन्हें लील गई। कोई ताज्जुब नहीं कि यहां अनुसूचित जाति की हर चौथी महिला विधवा है।

कोई ताज्जुब नहीं कि यहां अनुसूचित जाति की हर चौथी महिला विधवा है।

द टर्निंग प्वाइंट

डांग की किस्मत अच्छी थी। छोटेलाल गुर्जर नाम का एक नौजवान 1994 में घर से भागकर गंगापुर के अज्ञातवास पर आया। वहां कुछ मेहनत-मजदूरी की, फिर सपोटरा की डांग में छोटा-मोटा पढ़ाने का काम किया। एक दिन वह लौटकर अपने गांव अलवर गया। उन दिनों वहां 'तरुण भारत संघ' नाम की एक संस्था पानी के काम में लगी थी। जंगल और खनन माफिया से टक्कर ले रही थी। वहां पानी के काम के नतीजे आने लगे थे। समाज की समझ और ताकत दोनों सिर पर चढ़कर बोलने लगी थी। खनन और जंगल..... दोनों का माफिया कदम पीछे हटाने पर मजबूर था। नतीजा यह हुआ कि 'तरुण भारत संघ' छोटेलाल गुर्जर का आदर्श बन गया और छोटेलाल.... इसके एक जिम्मेदार कार्यकर्ता बन गए।

छोटेलाल ने डांग का दुर्गम इलाका देखा था। डांग का दर्द और तकलीफ छोटेलाल के जेहन में पूरी तरह उतर गये थे। जैसे छोटी के शब्दों ने एक पत्रकार का पीछा किया, वैसे ही डांग के दर्द ने छोटेलाल का। छोटेलाल ने तरुण भारत संघ की बैठकों में कई बार डांग के इस दर्द का जिक्र किया। तरुण भारत संघ के



राजेन्द्र सिंह ने तो हमेशा वहीं रोशनी देखी, जहां अंधेरा बहुत गहरा था। डांग का इलाका भी ऐसा ही था। मई 1997 में तरुण भारत संघ के चमनसिंह इलाका देखने गए। पहली निगाह कैलादेवी से 9 किमी. दूर लखरुकी के सिंघाड़े वाला ताल पर गई।

मुखिया राजेन्द्र सिंह ने तो हमेशा वहीं रोशनी देखी, जहां अंधेरा बहुत गहरा था। डांग का इलाका भी ऐसा ही था। मई 1997 में तरुण भारत संघ के कार्यकर्ता चमनसिंह इलाका देखने गए। पहली निगाह कैलादेवी से 9 किलोमीटर दूर लखरुकी के सिंघाड़े वाला ताल पर गई। एक वर्ष बाद छोटेलाल गुर्जर और गोवर्धन पंडित एक निश्चय के साथ एक दिन डांग के कठिन भूगोल और जिन्दगी के बीच पानी संजोने का सपना लिये चल पड़े।

यह था जुलाई, 1998.. पांच साल के अकाल से पहले का वर्ष ! लेकिन डांग में काम करना कभी आसान नहीं रहा; न सरकार के लिए और न संस्थाओं के लिए। इनके साथ-साथ इस बीच कर्णसिंह नाम के एक साथी यहां आते-जाते रहे। हटियाकी और मेरोची ढाणियां इनका शुरुआती ठिकाना बनीं। लगातार समझाइश के बाद 1999 में पहली बार यहां का समाज एक बार फिर से एकजुट हुआ। संस्था और समाज के साझे की पहली जलसंरचना 1999 में ही बनी। स्थान था-गांव हटियाकी। गांव ने एक-चौथाई दिया, संस्था ने तीन-चौथाई। तब तक तरुण भारत संघ के श्रवण पंडित भी इस काम में आ जुटे। बाद में समयसिंह, छाजूराम, रामसिंह, मांगेलाल, भजन सिंह समेत कई कार्यकर्ता इस काम में लगे।

निर्माण में श्रम के भुगतान की जिम्मेदारी श्रवण पंडित की ही थी। इससे पहले कि हटियाकी का काम अपनी चमक दूसरे गांवों में बिखेरता या इसके नतीजे सामने आते; बन्नू सैनी नामक एक नामी हथियारबंद ने चिट्ठी लिखकर कहा-"जो भुगतान करते हो, उसमें से हमें हमारी चौथ दो; नहीं तो काम बंद कर दो।" चौथ यानी चौथाई हिस्सा.... तब यहां अपने को बागी कहने वाले ये हथियारबंद लोग जंगल-खान व दूसरे ठेकेदारों से चौथ वसूलते थे। अतः श्रवण पंडित के नाम भी फरमान जारी हुआ। श्रवण ने राय की। जवाब में लिखा-"यह किसी ठेकेदार का नहीं, गांव और संस्था का साझा काम है। संस्था इससे कमाकर कुछ नहीं ले जायेगी, न ही संस्था के कार्यकर्ताओं के हिस्से में ही कुछ आयेगा; बल्कि इससे तो गांव के कुएं में पानी ही लौटेगाः खेती के साधन ही बनेंगे।" गांव के लोगों ने भी समझाइश की कि यह तो गांव का ही काम है और संस्था के कार्यकर्ता भी बहुत छोटी तनख्वाह वाले लोग हैं। ये तो गांव का ही भला करने आये हैं।

श्रवण पंडित बताते हैं-"हमें ताज्जुब हुआ कि बन्नूसैनी ने न सिर्फ अपना फरमान वापस लिया, बल्कि हमें मदद करने का वादा भी किया। उसके बाद से तो आये दिन ऐसे लोगों से मुलाकात होती थी, लेकिन वे कभी हमारा नुकसान नहीं करते थे। बाद में पता चला कि यह भी अपने साथियों को बन्नूसैनी का ही फरमान था। इसीलिए जिन्हें दूसरे लोग असामाजिक तत्व कहते हैं, उन्होंने हमारे काम में कभी बाधा नहीं पहुंचाई।"

जिन्हें दूसरे लोग असामाजिक तत्व कहते हैं, उन्होंने हमारे काम में कभी बाधा नहीं पहुंचाई।

जब मैंने ऐसे एक आदमी से उसका नाम पूछा और फोटो खिचवाने का आग्रह किया तो उसने हाथ जोड़ लिये। मेरी समझ में नहीं आया कि उसने ऐसा क्यों किया ?

इससे भी बड़ा ताज्जुब यह जानकर हुआ कि बाद के वर्षों में ऐसे कई लोग पानी के काम में सबसे बड़े मददगार बने। इनमें से कई संस्था की बैठकों में शामिल होते.... जिम्मेदारी लेते और काम को अंजाम देते। जब मैंने ऐसे एक आदमी से उसका नाम पूछा और फोटो खिचवाने का आग्रह किया तो उसने हाथ जोड़ लिये। मेरी समझ में नहीं आया कि उसने ऐसा क्यों किया ? पता चला कि इन्हें इनका अतीत डराता है। ये उसे बुरा समझते हैं। उस परिचय और सम्बोधन को सुनना भी नहीं चाहते। एक बार एक पत्रकार ने उन्हें फुसलाकर इनके हाथ में बंदूक और कमर पर कारतूस की पेटी बंधवाकर फोटो खींची। जब ये फोटो पत्रिका में छपकर आई, तो डकैत से सामाजिक कार्यकर्ता बन चुके एक नौजवान को बहुत बुरा लगा। ठीक ही था। कारण कि इन्हें इनका वर्तमान प्यारा है। ये अपने वर्तमान पर गर्व करते हैं। हमारे लिए इतना ही काफी है। अब इन्हें इनका समाज भी अपना हीरो मानता है। अच्छा है ! इन्हें किसी की बुरी निगाह न लगे। इसीलिए हम यहां इनके नाम का उल्लेख करने का लालच भी त्याग रहे हैं।

समाधान में साझा

ऐसे खट्टे-मीठे अनुभवों के बीच वर्ष 1999 का एक ऐसा समय आया, जब बारिश की बूंदें एक बार फिर डांग से रूठ गईं। डांग



में अकाल पड़ा। यह अकाल पूरे 5 साल का था..... वर्ष 1999 से लेकर 2003 तक। जब समय साझे संकट का हो, तो समाधान में साझा सहज हो जाता है। अकाल राहत के लिए सरकार और कई सामाजिक संस्थायें इस इलाके में आईं; लेकिन तरुण भारत संघ अकाल राहत से भी ज्यादा अकाल निवारण में यकीन रखता है। अतः उसने अपनी कोशिशें बढ़ा दीं।

जब समय साझे संकट का हो, तो समाधान में साझा सहज हो जाता है। अकाल राहत के लिए सरकार और कई सामाजिक संस्थायें इस इलाके में आईं; लेकिन तरुण भारत संघ अकाल राहत से भी ज्यादा अकाल निवारण में यकीन रखता है। अतः उसने अपनी कोशिशें बढ़ा दीं।

छाजूराम, जगदीश गुर्जर, चमनसिंह, कर्णसिंह गुर्जर समेत कई नौजवान कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ अपने काम में जुट गये। पानी की कई छोटी-छोटी संरचनाएं डांग के इलाके में बनाईं।..... इनकी सूची इस किताब के आखिरी पन्नों में दर्ज है। तरुण भारत संघ के कार्यकर्ता जगह-जगह घूमे; समझाइश की। जहां जरूरत ज्यादा थी, उन स्थानों पर सार्वजनिक जल संरचनाओं को प्राथमिकता दी। संकट था, सो गांव में समझ भी बनी; लेकिन संस्था और इसके काम पर डांगवासियों का विश्वास तब पूरी तरह पुख्ता हो गया, जब ये अपने सवालों का जवाब तलाशते-तलाशते 50-55 की संख्या में एक दिन जयपुर के गांव नीमी चले आये। यह था वर्ष -2001।

2001 - द टर्निंग प्वाइंट

नीमी आने वालों में एक थे- 58 बरस में भी जवान अंगद गुर्जर। उन दिनों विज्ञान पर्यावरण केन्द्र, दिल्ली और तरुण भारत संघ की पहल पर नीमी में एक जल सम्मेलन चल रहा था। इसी जल सम्मेलन में पहली बार जलबिरादरी बनाने का विचार सामने आया। यह सम्मेलन इस दृष्टि से भी ऐतिहासिक था और इस दृष्टि से भी कि डांग से आये अंगद गुर्जर ने इस सम्मेलन में एक बात गाठ बांध ली थी : "जहां पानी दौड़ता हैः वहां उसे चलना सिखाओ; जहां पानी चलता हो; वहां उसे रेंगना सिखाआ; जब पानी रेंगने लगे; तो उसे पकड़कर धरती के पेट में बिठाओ; ताकि उसे सूरज की नजर न लगे; जब जरूरत पड़े, तब उतना पानी धरती से निकालकर अपनी जिन्दगी चलाओ।" ये समझ गये कि बाढ़ और सुखाड़ दोनों की बंदी की जा सकती है। जो वे हमेशा से करते आये.... ताल, नूहान, पोखर, पोखरा और पगारे.... यही सब डांग की जिन्दगी है। इनसे डांग की समृद्धि भी वापस लौट सकती है और पलायन के लिए आगे बढ़े कदम भी।

इसी जल सम्मेलन में पहली बार जलबिरादरी बनाने का विचार सामने आया। यह सम्मेलन इस दृष्टि से भी ऐतिहासिक था और इस दृष्टि से भी कि डांग से आये अंगद गुर्जर ने इस सम्मेलन में एक बात गांठ बांध ली थी

इस समूह में साथ गये लोगों में एक थे- 62 वर्ष के कल्याण गुर्जर। कल्याण गुर्जर आज पानी के अच्छे कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह भी नीमी जल सम्मेलन से एक सूत्र वाक्य लेकर लौटे कि जोहड़-बाढ़ और सुखाड़ दोनों का इलाज है। यह प्रसंग बताते हुए आज भी कल्याण सिंह की आखों में एक अलग चमक और मन में एक अलग उमंग सी

दिखाई पड़ती है। कल्याण गुर्जर सपोटरा के एक गांव - खिजुरा के रहने वाले हैं। वह बताते हैं कि सम्मेलन में आकर ही उन्होंने जाना कि पानी के छोटे-छोटे काम कैसे जिन्दगी में बड़ा बदलाव कर सकते हैं। उन्होंने कभी दिल्ली और जयपुर की सब्जी मंडियों में पल्लेदारी का काम करने गये नीमी के किसानों को उनके गांव लौटते और गांव में सब्जी का बेमिसाल उत्पादन कर सेठों के ट्रकों को रोजगार देते देखा। वहां डांग से गये किसान कोई एक या दो नहीं थे, एक पूरा समूह था। अतः सबने अपनी आखों से देखा। अविश्वास करने लायक कोई बात ही नहीं थी।

कल्याण गुर्जर ने खिजुरा लौटकर अपनी आखों देखी गांव वालों को सुनाई। लोग भौंचक्क थे। कल्याण समाज की जिम्मेदारी.... हकदारी.... जल-जंगल-जमीन और निजी नहीं, सामुदायिक.....जाने कैसे-कैसे शब्द दोहराता रहता था। नौजवानों ने समझा कि बूढ़ा सठिया गया है। शुरू-शुरू में लोगों की कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन जब बाद में आस-पास के गांवों से सम्मेलन में गये 50-55 लोगों की जुबान से यही बातें सुनाई पड़ने लगीं, तो गांव वालों की जिज्ञासा भी बढ़ी और गम्भीरता भी।

नीमी जल सम्मेलन के प्रभाव के कुछ ऐसे ही किस्से सपोटरा की डांग के कई गांवों में आप सुन सकते हैं। कहना न होगा कि वर्ष 2001 डांग में पानी के काम की दृष्टि से टर्निंग प्वाइंट था। इससे समाज और संस्था दोनों को ऊर्जा मिली.. जिसने आगे चलकर धरती का चेहरा बदल दिया।

नीमी जल सम्मेलन के प्रभाव के कुछ ऐसे ही किस्से सपोटरा की डांग के कई गांवों में आप सुन सकते हैं।

पानी का प्रताप

अगले दो बरस तरुण भारत संघ ने गांव के साथ पानी के काम में खूब साझा किया। करीब 35 गांव इस साझे यज्ञ के होता बने। यज्ञ में हविष्य डालने वाले को 'होता' कहते हैं। कह सकते हैं कि इनमें से 11 गांवों में पानी का सघन काम हुआ। खिजुरा, विरमका, रायबेली और रावतपुरा जैसे गांव आज बड़े बदलाव का प्रतीक बन गये हैं। शुरुआत में जहां गांव पानी के काम में एक-चौथाई हिस्सेदारी करता था, धीरे-धीरे उसका अंशदान बढ़कर आधा हो गया। अब इन गांवों में पानी और चारे की कमी के कारण कोई पलायन नहीं करता। खेती की सिंचित कृषि भूमि भी बढ़ी है और आय भी। आय बढ़ी, तो रास्ता भी आगे बढ़ा और सपना भी। गांव में प्राइमरी स्कूल बस नाम के हैं। सरकारी गुरुजी वर्ष में एक-दो बार ही दिखाई देते हैं। शिकायत करो, तो मास्टर जी का तबादला हो जाता है और फिर स्कूल में कोई मास्टर नहीं आता। ऐसे में बच्चे कहां पढ़ें ? जिनकी सामर्थ्य बढ़ गई; वे अब बच्चों को पढ़ने के लिए दूर कैलादेवी के स्कूल में भेजने लगे हैं। दूध भी अब आय का एक अच्छा साधन बन गया है।

अब तक तरुण भारत संघ (रु. 35,53,300) और सपोटरा डांग के गांवों (रु. 22,81,600) के साझे से बनी इकाइयों का आंकड़ा चाहे, सुनने में छोटा ही हो.....महज 369 ! लेकिन इसने बड़े बदलाव दिए और बड़ी प्रेरणा भी। अंगद, दिनेश, जगन्नाथ शर्मा, रामजीलाल मीणा, रूपे और रामेश्वर इसी काम की प्रेरणा से प्रेरित डांग के निवासी हैं। ये काम अब कइयों को प्रेरित करने लायक बन गया है।

इसी काम से प्रेरित होकर राजीव गांधी फाउंडेशन, नई दिल्ली ने इस इलाके में काम करने की इच्छा जाहिर की। तरुण भारत संघ ने अपने हाथ उन्हें सौंप दिये। चमन सिंह, जगदीश गुर्जर, कर्णसिंह और भी कई ऊर्जावान साथी आज डांग के इलाके में पानी के काम को आगे बढ़ा रहे हैं।



खिजुरा की खनक

सपोटरा की डांग में एक गांव है- खिजुरा। करौली जिला मुख्यालय से 42 कि.मी. दूर दक्षिण में स्थित यह गांव कैलादेवी अभयारण्य और रणथम्भौर बाघ परियोजना के बफर जोन में आता है। खजूर के पेड़ों के कारण लोग इसे भले ही खिजुरा गांव कहते हों, लेकिन यह मूल खिजुरा गांव है नहीं। मूल खिजुरा गांव 1853 में आबाद हुआ था। एक सौ वर्ष बीतने पर गांव ने अपनी जगह बदली और 1953 में अपनी पुरानी ड्योढ़ी छोड़कर वर्तमान स्थान पर आकर बस गया। गांव वाले बताते हैं कि 1953 में पुराने खिजुरा से पांच परिवारों के 12 नई उम्र के लोग ही यहां आये थे। आज खिजुरा में 32 परिवार रहते हैं। आज खिजुरा जल स्वावलम्बन से ग्राम स्वावलम्बन का प्रतीक है।

डांग के जो लोग 2001 के नीमी सम्मेलन में गये, उनमें कल्याण गुर्जर भी एक थे। 2001 खिजुरा के लिए भी टर्निंग प्वाइंट था। वे गांव के एक सपने को जानते थे। खिजुरा पिछले 37 बरस से इंतजार कर रहा था कि मोरेवाला ताल की पालें कब मजबूत बनें और कब उनकी काश्तकारी में रंग आये। इस सपने का जिक्र कभी कल्याण गुर्जर ने अपने समधी कमल गुर्जर से किया। कमल गुर्जर हटियाकी गांव के हैं। कमल गुर्जर तरुण भारत संघ के कार्यकर्ताओं से 1998 से ही जुड़े हुए थे। लोग इन्हें भगत जी कहते हैं। भगत जी और कल्याण गुर्जर की रिश्तेदारी विचारों के आदान-प्रदान में बदली। इन्होंने अपने गांव में पानी के काम की कहानी खिजुरा के सामने रखी और खिजुरा ने अपना सपना बताया। वर्ष -2000 में तरुण भारत संघ कार्यकर्ता इस गांव में आये। लोगों से बैठक की। पानी के काम के लिए ग्रामसभा बनी। गांव एक साथ चौपाल पर बैठा। हर परिवार से उसकी जमीन के रकबे के मुताबिक श्रमदान का संकल्प हुआ। 1963 में निभैरा ग्राम पंचायत के सरपंच शिवनारायण ने 2200 रुपये की छोटी सी मदद से मोरेवाला ताल पर एक छोटी से मेंढ़बन्दी से जिस सपने की शुरुआत की थी, वर्ष 2000 में खिजुरा एक बार फिर काम करने के लिए उठ खड़ा हुआ। देवउठनी ग्यारस का अबूझ सावा वह शुभ् दिन बना। रामसिंह, रमेश, गिरधारी, हरिचरण और प्रभु.....इन पांच लोगों की निगरानी समिति बनी। धीमी गति से काम शुरू हुआ। 2001 के नीमी सम्मेलन ने उसमें प्राण फूंके। कुछ गांव वालों की ललक और कुछ तरुण भारत संघ का

1963 में निभैरा ग्राम पंचायत के सरपंच शिवनारायण ने 2200 रुपये की छोटी सी मदद से मोरेवाला तालाब पर एक छोटी से मेंढ़बन्दी से जिस सपने की शुरुआत की थी, वर्ष 2000 में खिजुरा एक बार फिर काम करने के लिए उठ खड़ा हुआ।

प्रोत्साहन.... 2002 में मोरेवाला ताल बनकर पूरा हो गया। करीब 40 लोगों की 140 बीघा जमीन के मुताबिक प्रति बीघा 1500 रुपये का श्रमदान लगा। रामजीलाल भोपा का परिवार यदि श्रमदान करने में असमर्थ था, तो उसने अपने हिस्से की राशि नकद भुगतान कर चुका दी।

जब हम अच्छा काम करते हैं, तो रामजी भी अच्छी कृपा करता है। 2003 में चाहे कहीं अकाल रहा हो, लेकिन मोरेवाला ताल ने आस-पास बरसी अपने हिस्से की हर बूंद को रोक लिया। एक साथ इतना सारा पानी देखकर खिजुरा उल्लास से सराबोर भी था और चिन्तित भी कि इतना बड़ा ताल है, कहीं टूट गया तो ? क्या मोट्यार.... क्या बीरबानियां.... अपना फावड़ा-तगारी ले ताल की पाल पर ही जुटे रहते। नतीजा यह हुआ कि मोरेवाला ताल गांव के अपने श्रम और अपने ज्ञान से स्वावलम्बन की मिसाल बन गया। जितनी भी मेहनत लगी थी, रामजी ने उससे ज्यादा नतीजा दिया। पहले ही साल प्रति बीघा चार क्विंटल धान की पैदावार हुई। अन्दाज लगा सकते हैं कि 140 बीघा में 560 क्विंटल और 1000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 5 लाख 60 हजार रुपये की बिक्री। खिजुरा अपने ज्ञान.... अपने श्रम का इतना बड़ा नतीजा देखकर एक बार तो खुद चमत्कृत हो उठा और बाद में खिजुरा को देख दूसरे भी।

वह दिन है और वर्ष 2008.... इस पुस्तक को लिखे जाने का वर्ष ! खिजुरा हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठा। खिजुरा ने श्रम को अपना मंदिर मान लिया और फावड़ा-तगारी को अपना देवता। आज जहां तक निगाह जाती है, खिजुरा में धान की लहलहाती फसल दिखती है, आस-पास सघन जंगल। बड़ों के चेहरे आत्मविश्वास से दमक रहे हैं और बच्चों के हाथ में अब कलम है। पानी के काम से निकली यह एक नई इबारत है ! नया ककहरा !!

रायबेली : पाल ने बढ़ाया प्रेम

कैलादेवी से कर्णपुर जाने वाले रोड पर खिजुरा गांव से दो कि.मी. उत्तर दिशा में स्थित एक छोटा सा गांव है रायबेली 35 परिवार की छोटी सी आबादी ! रायबेली में भी पानी का काम रिश्तेदारी के माध्यम से ही पहुंचा। खिजुरा और हटिया की जाकर यहां के हरिसिंह, नवल सिंह और कन्हैया ने पानी के काम को देखा। रावतपुरा और चौंडक्या भी गये और वहां से अपने गांव में भी ऐसा ही कुछ करने की प्रेरणा लेकर लौटे। बस ! पानी के काम के लिए श्रमदान का पुख्ता इंतजाम करना था।

तरुण भारत संघ के चमन सिंह, जगदीश गुर्जर और कर्णसिंह ने गांव को यह तो साफ किया कि तरुण भारत संघ कोई धन देने वाली संस्था नहीं हैंः लेकिन यह भी भरोसा दिलाया कि जब हम कोई अच्छा काम करते हैं, तो रामजी खुद-ब-खुद रास्ते बना देता है और मदद भी कहीं न कहीं से आ ही जाती है। तब तक जोहड़ वाले बाबा के रूप में राजेन्द्र सिंह की ख्याति और उन पर विश्वास का भाव रायबेली में पहुंच चुका था।

गांव ने नतीजे की चिन्ता किये बगैर रोज सुबह अपना फावड़ा-तगारी-लगन-निष्ठा सब कुछ 'छेड़ का ताल' की पाल पर लगा दी।

गांव ने नतीजे की चिन्ता किये बगैर रोज सुबह अपना फावड़ा-तगारी-लगन-निष्ठा सब कुछ 'छेड़ का ताल' की पाल पर लगा दी। गांव को साझे के इस काम में आनन्द आने लगा। दोपहर तक मेहनत और फिर

दोपहर में उसी पाल पर बैठकर मिल-बांटकर रोटी खाने का क्रम एक मेले जैसे बन गया था। धीरे-धीरे छेड़ के ताल ने भी अपने ऊपर बरसा एक-एक टपका.... बूंद संजोने का वादा किया। प्रेम, जोत, बाडियारण, कैमलाया, गुजरा, साखन का पोखरा, कन्हैया की पोखर और छेड़ की ताल.....ये सभी मिलाकर साढ़े 99 बीघा जमीन सिंचित कृषि भूमि के रूप में आज रायवेली समृद्धि में अपना योगदान कर रहे हैं। अब ये अपने खेतों में रबी और खरीफ दोनों फसले लेते हैं, जो कभी इनके लिए सपना थी। खरीब की फसल को ये 'सियारी' और रबी की फसल को 'उंधारी' कहते हैं।

बंधे बने सात बरस हो गये। इन बंधों में आये पानी के बंटवारे को लेकर रायवेली के लोगों को न तो किसी ने कभी लड़ते देखा और न ही कभी ऊंची आवाज सुनी; जबकि करौली में बने सरकारी बांध-पंचना डैम को लेकर भरतपुर और करौली जिले के बीच में लगभग हर साल तकरार होती है।

समझ लेना चाहिए कि छोटे-छोटे बंधे क्यों अच्छे होते हैं और बड़े-बड़े बांध क्यों बेकार। छोटे बंधे प्रेम बढ़ाते हैं और समृद्धि भी..... बड़े-बड़े बांध तकरार भी लाते हैं और विनाश भी।



बंधा बने सात बरस हो गये। इन बंधों में आये पानी के बंटवारे को लेकर रायबेली के लोगों को न तो किसी ने कभी लड़ते देखा और न ही कभी ऊंची आवाज सुनी।

विरमका : भरी हथेलियों वाला गांव

विरमका सपोटरा तहसील का ही एक गांव है। खिजुरा गांव के पूरब में 3 कि.मी दूर जंगल के बीच बसा हुआ। 27 परिवारों की एक छोटी सी आबादी ! कहते हैं कि वीरी नामक एक बीरबानी ने इस गांव की स्थापना की। मूलतः यह मीणा आबादी का ही गांव था। 19वीं शताब्दी के मध्य में घुन्नी सायपुर (बयाना) के कुछ गुर्जर परिवार भी यहां आ बसे। विरमका के बीच आज भी वह पुरानी हवेली है, जो कभी डांग में सामान के खरीद-फरोख्त का बड़ा मुकाम थी। हवेली को ये 'जाग' कहते हैं। 20-25 गांव के लोग इस जाग में आते थे। छः कि.मी. दूर का पैदल रास्ता तय कर कर्णपुर कस्बे से करीब 150 लोग रोजाना 15 से 20 लीटर प्रतिव्यक्ति छाछ की तलाश में यहां आते थे। विरमका उन्हें कभी खाली हाथ नहीं लौटाता था। आप समझ सकते हैं कि विरमका कभी कितना समृद्ध गांव था !

जो हथेली कभी भर-भर कर दूसरों को देती थी, वह हथेली अब मांगने के लिए दूसरों के सामने फैल गई। विरमका एक अजीब सी स्थिति में आकर खड़ा हो गया। किंकर्तव्यविमूढ़ !

80 के दशक में विरमका के आस-पास से जंगल क्या गया, विरमका की खुशहाली ही चली गई। ठेकेदार तो पेड़ों को काट-काट कोयला बनाने में लगे रहे, विरमका की तो जिन्दगी ही कोयला हो गई। जंगल गया.... पानी गया..... पशुधन गया..... रोजगार गया..... विरमका की तो जैसे हथेली ही उलट गई। जो हथेली कभी भर-भर कर दूसरों को देती थी, वह हथेली अब मांगने के लिए दूसरों के सामने फैल गई। विरमका एक अजीब सी स्थिति में आकर खड़ा हो गया। किंकर्तव्यविमूढ़ ! कुछ समझ में नहीं आता था कि क्या करें ? यहां भी प्रेरणा ने पुल बांधे।

एक बार विरमका की कुछ भैंसें जंगल से वापस नहीं लौटीं। अंगद और विरमका के दूसरे गांववासी खिजुरा गांव के भोपा रामजीलाल के पास पहुंचे। गांव के पुजारी को 'भोपा' कहते हैं। वह रामजीलाल से यह जानने आये थे कि उनकी भैंसें कहां गईं। संयोग अच्छा था, खिजुरा के लोग अपनी थाई (चौपाल) पर बैठकर मोरेवाले ताल के काम पर चर्चा कर रहे थे। अंगद और दूसरे ग्रामवासियों ने उसे सुना। बात समझ में आई। जंगल में खोई भैंसें मिलीं या नहीं मिलीं.... पता नहीं, लेकिन विरमका

जंगल में खोई भैंसें मिलीं या नहीं मिलीं.... पता नहीं, लेकिन विरमका को एक आशा की छोटी किरण जरूर मिल गई।

को एक आशा की छोटी किरण जरूर मिल गई। खिजुरा के कल्याण गुर्जर, रामसिंह, दिनेश, गिरधारी और तरुण भारत संघ के कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे विरमका में भी वैसी ही बैठक करें।

विरमका संकट में तो था ही, गांव शीघ्र तैयार हो गया। पहली बैठक तीन घंटे चली। अगली अमावस में फिर गांव बैठा। धीरे-धीरे समझ भी बन गई और रीछदा वाला ताल भी।... 27 काश्तकारों की 81 बीघा जमीन आज सिंचित है।

वर्ष 2005 में यह पोखर बनकर तैयार हो गया। बैरवा परिवार खुशी और श्रद्धा विनयावनत हो उठा। उसने इस पोखर का नाम इसकी नींव रखने वाले स्वर्गीय श्री सिद्धराज जी के नाम पर 'सिद्धसरोवर' रख दिया।

विख्यात गांधीवादी नेता स्वर्गीय श्री सिद्धराज ढड्ढा जी भी इस गांव में आने को उत्सुक हुए। उन्होंने विरमका के दक्षिण में एक पोखर की नींव रखी। उद्देश्य था कि जो बैरवा परिवार भूमि होते हुए भी भूमिहीन जैसे ही हैं.....जिनके पास सिंचाई के लिए कोई पानी नहीं और गांव भी जिनसे साझा नहीं करता; ऐसे बैरवा परिवारों की खुद अपनी एक व्यवस्था हो। इस संकल्प के साथ इस पोखर की नींव रखी गई। तरुण भारत संघ ने अहम भूमिका अदा की। मदद भी दी और प्रोत्साहन भी। वर्ष 2005 में यह पोखर बनकर तैयार हो गया।

बैरवा परिवार खुशी और श्रद्धा विनयावनत हो उठा। उसने इस पोखर का नाम इसकी नींव रखने वाले स्वर्गीय श्री सिद्धराज जी के नाम पर 'सिद्धसरोवर' रख दिया। बैरवा की 20 बीघा भूमि पर आज खेती का कोई संकट नहीं। विरमका गांव ने घेरकी और पीलीपोखर तो बनाई ही, खूसन का पोखर भी बनाया।

आज विरमका दावा कर सकता है कि अब इनकी हथेलियां खाली नहीं। आज नहीं, तो कल विरमका फिर दाता बनेगा..... इसका गौरव फिर लौटेगा।

आज विरमका दावा कर सकता है कि अब इनकी हथेलियां खाली नहीं। आज नहीं, तो कल विरमका फिर दाता बनेगा..... इसका गौरव फिर लौटेगा।



फिर बही नदी 'महेश्वरा'

किसी ने सच कहा है कि इन्सान अपने कर्मों से अपनी समृद्धि खोता है और यदि ये कर्म अच्छे हों तो एक दिन उसकी लूटी हुई समृद्धि फिर वापस आ जाती है । लेकिन ये इतना आसान नहीं होता..., खासकर धरती का चेहरा बदलना।

किसी को भी यह सुन कर गर्व होगा कि सपोटरा के बाशिंदों ने पिछले दस बरस में अपनी धरती का चेहरा बदलने की जी-तोड़ कोशिश की और चेहरा बदल भी दिया । नदी महेश्वरा कभी जिस समाज की लापरवाही और बाहरी दखल के कारण सूख गई थी, उसी समाज ने अपनी सजकता और श्रम से आज उस नदी को पुनर्जीवित कर दिखाया है । एक बार सुन कर यकीन नहीं होता .....कभी सपोटरा की डांग के बाशिंदों को भी यकीन नहीं था कि एक दिन उनकी छोटी-छोटी कोशिशें, छोटे-



